टीएफआरआई में स्कूली बच्चों ने देखा वन्य जीवन

जबलपुर। तरह-तरह के वन्य प्राणी, उनका जीवन, जैव विविधता और जैव संरक्षण के तरीके। इनके साथ ही विभिन्न वनस्पतियां और उनका संरक्षण को भी स्टूडेंट्स ने करीब से जाना। अवसर था अशोका हॉल स्कूल छात्र-छात्राओं के टीएफआरआई के शैक्षणिक भ्रमण का। यह भ्रमण सीसीई पाठ्यक्रम के दौरान कराया गया। स्कूल की संचालिका अर्पिता मालपाणी, प्राचार्य अनुपमा गस्टव, स्कूल प्रबंधक ने टीएफआरआई के निदेशक रोचक भ्रमण कराने के लिए धन्यवाद दिया। स्टूडेंट्स में भी वन्य जीवन को देखने के लिए खासा उत्साह देखा गया। वन्य प्राणियों से संबंधित सवाल भी छात्र-छात्राओं ने पूछे। इसके साथ ही कुछ खास जानकारियों को नोट भी किया। प्राचार्य ने बताया कि ऐसे भ्रमण से छात्र-छात्राओं में सामाजिकता व पर्यावरण संरक्षण की भावना विकसित होती है। आयोजन को सफल बनाने में समस्त स्कूल स्टाफ के साथ टीएफआरआई स्टाफ का भी सहयोग रहा।